<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक– 05 नवम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- उत्तर प्रदेश समेत नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण का हुआ शुभारंभ। अगले साल सात फरवरी को अंतिम मतदाता सूची का होगा प्रकाशन।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में सड़क और फ्लाइओवर निर्माण की प्रमुख परियोजनाओं का किया स्थलीय निरीक्षण। कहा– कार्य के दौरान सुनिश्चित हों, सुरक्षा और संरक्षा के सभी इंतजाम।
- आठ से ग्यारह नवम्बर के बीच ऑनलाइन पोर्टल के क्लाउड सर्वर को बदलेगा स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग। प्रदेश भर के उप निबंधक कार्यालयों में चार दिन नहीं होंगे सम्पत्ति रजिस्ट्री के कार्य।
- काशी में आज शाम भव्यता से मनायी जायेगी देव दीपावली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी होंगे शामिल। प्रदेश भर में श्रद्धापूर्वक मनायी जा रही है कार्तिक पूर्णिमा और गुरू नानक देव की जयंती।

**********

निर्वाचन आयोग ने कल से मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण–एस.आई.आर. अभियान के दूसरे चरण की शुरूआत कर दी है। इस अभियान के तहत उत्तर प्रदेश समेत नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के इक्यावन करोड़ मतदाताओं का पुनरीक्षण किया जाएगा। एक रिपोर्ट.....

***प्रदेश में एसआईआर अभियान 1,62,486 बूथों पर शुरू हो गया है। राज्य में वर्तमान में लगभग 15.44 करोड़ मतदाता हैं। गणना का चरण 4 दिसंबर तक चलेगा। 9 दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। अगले साल आठ जनवरी तक दावे और आपत्तियां दर्ज की जाएंगी। 9 दिसंबर से 31 जनवरी, 2026 तक सुनवाई और सत्यापन होगा। बूथस्तर के अधिकारी वर्तमान पंजीकृत मतदाताओं को विशिष्ट गणना प्रपत्र वितरित करेंगे। इन फॉर्म में उनके वर्तमान मतदाता विवरण शामिल हैं। अगर उनका नाम 2003 की मतदाता सूची में भी था, तो उन्हें कोई अतिरिक्त दस्तावेज़ जमा करने की आवश्यकता नहीं है। मतदाता सूचियों का व्यापक पुनरीक्षण 7 फरवरी–2026 को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ समाप्त होगा। समाचार कक्ष से राघवेन्द्र त्रिपाठी।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल देर शाम गोरखपुर में सड़क और फ्लाइओवर निर्माण की प्रमुख परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने गोरखपुर के पहले सिक्स लेन फ्लाइओवर के निर्माण कार्य का जायजा लेते हुए कहा कि फ्लाइओवर के पीलर्स पर स्लैब डालने के दौरान सुरक्षा और संरक्षा के सभी इंतजाम सुनिश्चित किये जाएं। उन्होंने गोरखपुर के पुराने व्यावसायिक क्षेत्र में बन रहे विरासत गलियारे को भी देखा और निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि विरासत गलियारे के चलते यदि किसी नागरिक की पूरी दुकान उसके दायरे में आ गयी है तो उसे नयी जगह पुनर्वासित किया जायेगा। इसे लेकर उन्होंने अधिकारियों को जरूरी निर्देश भी दिये। मुख्यमंत्री ने सड़क निर्माण के दौरान जन सुविधाओं का पूरा ध्यान रखने के निर्देश भी अफसरों को दिये।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सात नवंबर को प्रस्तावित दो दिवसीय वाराणसी दौरे के मद्देनजर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। बाबतपुर से लेकर बरेका तक के मार्ग को दुरुस्त किया जा रहा है। वाराणसी के मंडलायुक्त एस राजलिंगम ने बताया कि प्रधानमंत्री आठ नवंबर को काशी को आठवीं वंदेभारत ट्रेन की सौगात देंगे।

**********

प्रदेश सरकार ने राइस मिल उद्योग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से तथा नॉन हाईब्रिड धान की कुटाई को प्रोत्साहित करने के लिए इसके रिकवरी प्रतिशत में एक प्रतिशत की छूट प्रदान की है। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कल लखनऊ में मीडिया से बात करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे राइस मिलों में कार्यरत लगभग दो लाख लोगों के रोजगार में सुदृढ़ता आएगी तथा राईस मिलों से जुड़े अनुमानित तेरह से पन्द्रह लाख किसान लाभान्वित होंगे।

***नया निर्णय सरकार ने यह लिया है कि जो मोटा धान है उस धान के ऊपर भी 1: की छूट सरकार देने जा रही है, जिससे हमारे किसान भी लाभान्वित होंगे कि उनका भाव बढ़ेगा और साथ–साथ हमारे धान के मिल वाले वह भी उत्साहित होकर जो कूटने के लिए धान लेंगे उनको भी इस बात के लिए राहत मिलेगी।***

**********

प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में गन्ना मूल्य में तीस रुपये प्रति कुंतल की वृद्धि के बाद वर्तमान पेराई सत्र 2025–26 का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। गन्ना आयुक्त मिनिस्ती एस. ने बताया कि प्रदेश की तिरपन चीनी मिलों ने गन्ना खरीद के लिये इण्डेन्ट जारी कर दिया है। जिसमें से इक्कीस चीनी मिलों में पेराई कार्य प्रारंभ हो चुका है।

**********

दस और ग्यारह नवम्बर को प्रदेश भर के उप निबंधक कार्यालयों में सम्पत्ति रजिस्ट्री के कार्य नहीं होंगे। स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग आठ से ग्यारह नवम्बर के बीच अपने ऑनलाइन पोर्टल के लिये क्लाउड सर्वर को बदलने जा रहा है। आठ और नौ नवम्बर को

द्वितीय शनिवार तथा रविवार के अवकाश के बाद सोमवार–मंगलवार को उप निबंधक कार्यालय तो खुलेंगे लेकिन आम जन के कार्य नहीं होंगे। निबंधन महानिरीक्षक की ओर से सभी सहायक निबंधन महानिरीक्षकों को इस सम्बन्ध में परिपत्र जारी कर दिया गया है।

**********

बाइस सितंबर को शुरू हुए जीएसटी बचत उत्सव से देश भर के लोग लाभान्वित हो रहे हैं। परिधान और जूतों के क्षेत्र में नई जीएसटी दरें नागरिकों के लिए मददगार साबित हो रही हैं। एक रिपोर्ट–

***नए जीएसटी सुधारों ने कपड़े और फुटवियर क्षेत्र को बड़ी राहत प्रदान की है। इन सुधारों से निर्माताओं पर बोझ कम हुआ है और उत्पादन को बढ़ावा मिला है। उपभोक्ताओं के लिए कपड़े और फुटवियर अधिक किफायती हो गए हैं। नए जीएसटी ढांचे के तहत चामोइस चमड़े से बने उत्पाद और क्रस्टिंग के बाद तैयारध्चमड़े पर, जीएसटी की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसी प्रकार ढ़ाई हजार रुपये तक के फुटवियर पर भी अब 12 प्रतिशत के बजाय केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लग रहा है। जिससे मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं के लिए, स्टाइलिश और टिकाऊ फुटवियर किफायती हो गया हैं। इसके अलावा, ढ़ाई हजार हा रुपये प्रति पीस तक के रेडीमेड कपड़े पर भी जीएसटी दर 12 प्रतिशत से घटकर 5 प्रतिशत हो गई है। आरजू के साथ रहीसुद्दीन रिहान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।***

**********

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आज देवाधिदेव महादेव की नगरी काशी में ऐतिहासिक परम्परा वाली देव दीपावली भव्यता और दिव्यता से मनायी जायेगी। शाम को वाराणसी में मां गंगा के पावन तट और चौरासी गंगा घाटों पर पन्द्रह लाख से अधिक दीपों को प्रज्ज्वलित किया जायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी देव दीपावली के आयोजन में शामिल होंगे। इस अवसर पर लेजर शो, आतिशबाजी और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन भी होंगे। एक रिपोर्ट.....

***देव दीपावली अब केवल एक धार्मिक उत्सव नहीं बल्कि बनारस की पहचान और ब्रांड बन चुकी है। रोशनी के महाकुंभ की छटा निहारने काफी संख्या में विदेशी शहर में आ चुके हैं,विश्व प्रसिद्ध देव दीपावली पर इस बार काशी में फिर से दिव्यता, भव्यता और आधुनिकता का अद्भुत उदाहरण दिखाई देगा। घाटों पर लाखों दीपों की रोशनी, लेजर शो और कोरियोग्राफ ग्रीन क्रैकर्स शो पर्यटकों और श्रद्धालुओं को मुग्ध करेंगे। शिव भजनों की धुन पर करीब 10 मिनट तक चलने वाला ग्रीन एरियान फायर क्रैकर शो रात 8 बजे शुरू होगा। करीब एक हजार फीट लंबी रेत के स्ट्रेच–पर होने वाली आतिशबाजी के पटाखे 200 मीटर ऊंचाई तक रोशनी बिखेरेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।***

**********

प्रदेश भर में आज कार्तिक पूर्णिमा और गुरू नानक देव की जयंती मनायी जा रही है। कार्तिक पूर्णिमा पर लोग पवित्र नदियों में स्नान कर पूजा पाठ और दान पुण्य कर रहे हैं। हापुड़, बलिया, मऊ, अम्बेडकरनगर, जौनपुर, उन्नाव, बाराबंकी, गोरखपुर सहित प्रदेश के कई जिलों में पवित्र नदियों के तटों पर मेले भी लगे हैं। कार्तिक पूर्णिमा पर प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ा हुआ है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु वहां सरयू नदी में डुबकी लगा रहे हैं। प्रयागराज, वाराणसी, मथुरा में भी कार्तिक पूर्णिमा के स्नान पर्व पर पावन नदियों में ब्रह्म मुहूर्त से ही श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का सिलसिला जारी है। वहीं, अमरोहा के गंगाधाम तिगरी में चल रहे कार्तिक पूर्णिमा मेले के मुख्य उत्सव को लेकर आज श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिये व्यापक इंतजाम किये गये हैं।

उधर, गुरूनानक देव की जयंती के प्रकाश पर्व को लेकर प्रदेश भर के गुरूद्वारों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। गुरूद्वारों में सुबह से ही कीर्तन शुरू हो गये हैं। यहां आज लंगर के भी आयोजन होंगे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को कार्तिक पूर्णिमा और गुरूनानक देव जयंती की शुभकामनाएं दी हैं।

**********